भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. 442
24 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ

विषय: किसानों की आय दोगुनी किया जाना

***442. श्री अबू ताहेर खानः**

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार किसानों की आय को दोगुना करने में विफल रही है और यदि नहीं, तो उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए की गई पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास विगत पांच वर्षों के दौरान ऐसे किसानों की संख्या के संबंध में आँकड़े हैं जिनकी मृत्यु ऋणों की अदायगी न कर पाने के परिणामस्वरूप हुई; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री शिवराज सिंह चौहान)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

'किसानों की आय दोगुनी किया जाना' के संबंध में दिनांक 24 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 442* के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क): भारत सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए विभिन्न प्रकार के केंद्रीय क्षेत्रक तथा केंद्र प्रायोजित योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू कर रही है। उत्पादन बढ़ाने, किसानों को लाभकारी प्रतिलाभ और आय सहायता प्रदान करने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों की सूची अनुबंध-I में संलग्न है। सरकार ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के बजट आवंटन को वर्ष 2013-14 के दौरान 21,933.50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर वर्ष 2025-26 के दौरान 1,27,290.16 करोड़ रुपये कर दिया है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने 75,000 किसानों की सफलता की कहानियों का संकलन जारी किया है, जिन्होंने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग और संबद्ध मंत्रालयों/विभागों की योजनाओं के समन्वय से अपनी आय में दो गुना से अधिक वृद्धि की है। राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने कृषि वर्ष जुलाई 2018 से जून 2019 के संदर्भ में एनएसएस 77वें दौर (जनवरी 2019 - दिसंबर 2019) के दौरान देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि परिवारों का स्थिति आकलन सर्वेक्षण (एसएएस) किया। इन सर्वेक्षणों के अनुसार, प्रति कृषि परिवार की अनुमानित औसत मासिक आय वर्ष 2012-13 (एनएसएस 70वां दौर) में ₹6,426 से बढ़कर 2018-19 (एनएसएस 77वां दौर) में ₹10,218 हो गई।

घरेलू उपभोग व्यय पर एनएसएसओ सर्वेक्षण (2023-24) के अनुसार, अखिल भारतीय औसत मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (एमपीसीई) के अनुमानों की तुलना निम्नानुसार है:

क्षेत्र	विभिन्न अवधियों में औसत एमपीसीई (रु.)	
	2011-12 एनएसएस (68वां दौर)	2023-2024
ग्रामीण	1,430	4,122
शहरी	2,630	6,996

(ख) एवं (ग): गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो (एनसीआरबी) अपनी पत्रिका 'भारत में आकस्मिक मृत्यु एवं आत्महत्याएं' (एडीएसआई) में आत्महत्याओं से संबंधित जानकारी संकलित एवं प्रसारित करता है। वर्ष 2023 तक की रिपोर्ट एनसीआरबी की वेबसाइट (https://ncrb.gov.in) पर उपलब्ध है। राज्य सरकारें अपने-अपने प्रावधानों एवं नियमों के अनुसार अनुग्रह राशि (एक्स-ग्रेशिया) या राहत प्रदान करती हैं।

अनुबंध-I

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा कार्यान्वित योजनाएँ और कार्यक्रम

1. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान)
2. प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (पीएम-केएमवाई)
3. प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा)
4. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई)/ पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस)
5. संशोधित ब्याज अनुदान योजना (एमआईएसएस)
6. एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ)
7. 10,000 नए किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन और संवर्धन
8. राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (एनबीएचएम)
9. नमो ड्रोन दीदी
10. स्टार्ट-अप एवं ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि फंड (एग्रीश्योर)
11. राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ)
12. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना - विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (आरकेवीवाई-डीपीआर)
13. पर ड्रॉप मोर क्रॉप (पीडीएमसी)
14. कृषि मशीनीकरण उप-मिशन (एसएमएएम)
15. परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई)
16. सॉइल हेल्थ एंड फर्टिलिटी (एसएच एंड एफ)
17. वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास (आरएडी)
18. कृषि वानिकी
19. फसल विविधीकरण कार्यक्रम (सीडीपी)
20. कृषि विस्तार उप-मिशन (एसएमएई)
21. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (एनएफएसएनएम)
22. एकीकृत कृषि विपणन योजना (आईएसएएम)
23. समेकित बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच)
24. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ) – ऑयल पाम
25. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ) - तिलहन
26. पूर्वोत्तर क्षेत्र जैविक मूल्य श्रृंखला विकास मिशन
27. डिजिटल कृषि मिशन
28. राष्ट्रीय बांस मिशन
29. दलहन आत्मनिर्भरता मिशन
30. पीएम धन-धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई)

*****